सरकार एमएसएमई के लिए इस माह आयोजित करेगी भव्य ऋण मेला

अमर उजाला ब्यूरो

मुख्यमंत्री करेंगे ऋण प्रमाणपत्रों का वितरण, डॉ. सहगल ने की तैयारियों की समीक्षा

लखनऊ। अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि इस माह के अंत में भव्य ऋण वितरण मेले का आयोजन किया जाएगा। ऋण स्वीकृत प्रमाण पत्रों का वितरण मुख्यमंत्री के हाथों किया जाएगा। सहगल ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे बैंकों से समन्वय बनाकर लोन वितरण की कार्यवाही समय से पूरी कराएं।

डॉ. सहगल बुधवार को लोकभवन स्थित अपने कार्यालय में ऋ ण वितरण मेले के आयोजन और विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत टूल किटों के वितरण को विशेष प्राथमिकता दी जाय। हर हाल में 30 नवंबर तक टूल किट वितरण का काम पूरा कर लिया जाए। लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने स्वरोजगार कार्यक्रम को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। प्रत्येक जिले में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के लिए रोजगार प्लान बनाया जाएगा। उत्तर प्रदेश से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए पहले से ही एक्सपोर्ट प्लान तैयार करवाया जा रहा है। चालू वित्त वर्ष में एमएसएमई विभाग को 50 लाख लोगों को रोजगार या स्वरोजगार से जोड़ने का लक्ष्य मिला है। अभी तक छह लाख से अधिक नई इकाइयों को 18 हजार करोड़ रुपये का ऋण दिया जा चुका है। इससे भारी संख्या में रोजगार का सृजन हुआ है।

अपर मुख्य सचिव ने कहा कि विभाग में अधिकारियों व कर्मचारियों के पदोन्नति के जितने प्रकरण विचाराधीन हैं, उनको तत्काल निस्तारित कराया जाए। समीक्षा के दौरान उन्होंने अयोध्या में सीपेट के ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना और खिलौना नीति की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए इसे जल्द तैयार करने निर्देश दिए।